तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 23 सितंबर 2024

11 बालक में दुर्ग व बालिका में रायपुर सेक्टर ने जीता...



12 खपरी ब में ग्रामीणों के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं...





## बालोद में हुआ विकासखण्ड स्तरीय कला उत्सव, विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विकासखण्ड स्तरीय बालोद कला उत्सव का आयोजन कला केंद्र बालोद में किया गया।

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा को पहचानने, उसे पोषित करने और शिक्षा में कला को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वर्ष 2015 से कला उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कला उत्सव हेतु इस वर्ष का थीम विकसित भारत–वर्ष 2047 में भारत के लिए एक दृष्टिकोण रखा गया है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अरुण कुमार साहू ने कहा कि छात्रों में कला के प्रति सम्मान और सीखने की भावना जागृत कर उन्हें अवसर प्रदान करना चाहिए। सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी उमा ठाकुर ने बताया कि इस कार्यक्रम से बच्चे गायन, वादन, नृत्य, नाटक, नृत्य कला, पारंपरिक कहानी वाचन के माध्यम से कला परंपरा से परिचित होने का प्रयास कर रहे हैं। कला उत्सव के निर्णायक रानू निषाद, सौरभ साहू, योगिता बाली खैरागढ़ संगीत विश्व विद्यालय से प्रशिक्षित कलाकारों ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन गायत्री साहू ने किया।

### गायन, वादन, नृत्य, नाटक, नृत्य कला की दी प्रस्तुति



#### इन विद्यार्थियों का किया गया चयन

विकासखण्ड स्तरीय कला उत्सव में विभिन्न विधाओं के अंतर्गत छात्र छात्राओं का चयन किया गया। संगीत गायन एकल में जिज्ञासा देशमुख सेजेस झलमला, समूह कृतिका एवं साथी सेजेस बालोद, वादन एकल में डोमेंद्र साहू सेजेस लाटाबोड़, समूह मनीष एवं साथी सेजेस बालोद, नृत्य एकल में रीतिका यादव सेजेस बालोद, समूह किरण एवं साथी सेजेस कन्नेवाड़ा, नाटक एकल कंचन साहू सेजेस झलमला, समूह लोकेंद्र एवं साथी, नृत्य कला द्विआयामी ओजस गोयल सेजेस कन्नेवाड़ा, त्रिआयामी चंद्रप्रकाश दास सेजेस कन्नेवाड़ा, पारंपरिक कहानी वाचन पंडवानी गायन में मुस्कान साहू सेजेस बालोद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



### विरोध : आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# पुलिस हिरासत में युवक की मौत पर भड़का साहू समाज, गृहमंत्री का किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कवर्धा जिले के लोहारीडीह गांव में पुलिस हिरासत में युवक की मौत के विरोध में जिला साहू संघ युवा प्रकोष्ठ ने गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया। युवा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक दिनेश्वर साहू, दुर्ग संभाग के उपसंयोजक चन्द्रभान साहू, तहसील संयोजक खूबलाल साहू, पवन साहू, दानी साहू, खोमन साहू, कामता साहू, जितेन्द्र साहू सहित युवा प्रकोष्ठ के अनेक सदस्यों ने पुतला दहन कर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से कहा कि लोहारीडीह गांव में जो घटना घटी है उससे साहू समाज को आघात पहुंचा है, क्योंकि किसी भी व्यक्ति की पुलिस कस्टडी में मौत होना पुलिस वालों पर प्रश्नचिन्ह उत्पन्न करती है। जिस तरीके से लोहारीडीह के प्रशांत साहू के शरीर पर गहरे चोटों के निशान हैं, उससे यह स्पष्ट होता है कि उसकी मौत मारपीट के कारण ही हुई है। हम चाहते हैं कि इस केस की निष्पक्ष जांच हो और अपराधी कोई भी हो, चाहे वह पुलिस वाला ही क्यों ना हो उस पर कार्रवाई की जानी चाहिए। दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। यदि प्रशांत साहू अपराधी है तो उसे सजा देने का अधिकार न्यायालय के पास में है न कि किसी पुलिस अधिकारी के पास में है। पीड़ित परिवार को उचित न्याय दी जाए और साथ ही उसके परिवार को कम से कम 50 लाख रुपए का मुआवजा राशि प्रदान की जाए।





## नेता प्रतिपक्ष राहुल के बयानों की निंदा भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने फूंका पुतला

**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला बालोद ने लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा विदेश में जाकर धार्मिक उन्माद और आरक्षण को समाप्त करने जैसी वार्तालाप कर भारत की छवि को खराब करने की बात करने का आरोप लगाते हुए राहुल गांधी का पुतला दहन किया।

भाजपा कार्यकर्ता जिला भाजपा कार्यालय बालोद से पुतला थामे जुंगेरा चौक पर नारे लगाते हुए पहुंचे व राहुल गांधी का पुतला दहन किया। पुलिस प्रशासन के साथ छीना झपटी के बाद भी भाजपा कार्यकर्ता पुतला दहन करने में सफल रहे।इस दौरान जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव ने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी संविधान के मूलभूत आरक्षण सिद्धांतों को सही भावना और रूप में लागू करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं दिखाई। कांग्रेस के आरक्षण, संविधान और डॉ. अम्बेडकर विरोधी इतिहास पर कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सरकार ने सन् 1956 में पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने की काका कालेलकर रिपोर्ट को खारिज कर दिया था। नेहरू ने ही सन् 1961 में मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर कहा कि आरक्षण से अक्षमता और दोयम दर्जे का मानक पैदा होता है। इस प्रकार नेहरू ने डॉ. अम्बेडकर के सामाजिक व राजनैतिक जीवन को समाप्त करने का षड्यंत्र किया।

वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर सन् 1975 में आपातकाल लगाकर संविधान की आत्मा को कुचलने का आरोप लगाया। वहीं, मंडल आयोग की रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डालकर ओबीसी आरक्षण में देरी की। 1966 से 1977 तक, संविधान में 25 बार संशोधन हुए। 42वें संशोधन में 41 अनुच्छेदों में संशोधन किए गए और 11 नए अनुच्छेद जोड़े गए। इसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 3 मार्च 1985 को एससी आरक्षण पर टिप्पणी करते हुए यह कहा था कि आरक्षण के माध्यम से हमें बुद्धुओं को बढ़ावा नहीं देना चाहिए।

पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र साहू, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रेम व पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी पर देश में धार्मिक उन्माद फैलाने वाले बयान देने का आरोप लगाते हुए, बंद करने को कहा। कार्यक्रम में प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा कार्य समिति सदस्य कमलेश सोनी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा महामंत्री द्वय चेतन साहू, भीमसेन निर्मलकर, विनोद गिरि गोस्वामी, सोशल मीडिया मदन साहू, कार्यालय प्रभारी लोकेश श्रीवास्तव, उमाशंकर साहू, प्रीतम यादव ,कल्याण सोनवानी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दुकान में चोरी तीन लाख नकद सहित कपड़े पार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कोतवाली थाना क्षेत्र में एक बार फिर चोरी की बड़ी घटना सामने आई है। इस बार अज्ञात चोर जिला मुख्यालय के व्यस्ततम मार्ग स्थित एक चश्मा व जीन्स कलेक्शन दुकान से कपड़ों के साथ ही लगभग तीन लाख रुपए की चोरी कर फरार हो गया। दुकान संचालक ने बताया कि शनिवार रात रोज की तरह दुकान बंद करके वह अपने घर चला गया। जब रविवार को सुबह 9 बजे दुकान पहुंचा, तो शटर का ताला टूटा हुआ था। भीतर जाकर देखने पर दो अलग-अलग लॉकर में रखे तीन लाख रुपए नकदी रकम नहीं थी। इसके अलावा दुकान में रखे कुछ शर्ट, टीशर्ट व जीन्स की भी चोरी हुई है। बहरहाल चोरी के इस मामले में कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

- कोतवाली थाना क्षेत्र में शनिवार रात की घटना

लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से आसपास के क्षेत्र में लोग दहशत में है, अब लोग अपने घरों को छोड़कर कहीं बाहर जाने से भी कतराने लगे हैं। चोरों के हौसले बुलंद और बेख़ौफ़ होकर चोरी की घटना को ▶▶|शेष पेज 11 पर

### खबर संक्षेप



#### 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ 21 दिसंबर से, तैयारियों को लेकर हुई गोष्ठी

**डौंडीलोहारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आगामी 21 से 24 दिसंबर तक जिला स्तरीय 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन डौंडीलोहारा में किया जाएगा। इस संदर्भ में रविवार को विकासखंड स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान परिजनों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए। गोष्ठी में गोवर्धन उर्वशा, मिलन सिन्हा, ओमप्रकाश साहू, रंजन लाल गुरुपंच, देवप्रसाद आर्य, केजूराम इस्दा, प्रेम सिंह कोलियारे, पुराणिक लाल सोरी, पीलू राम साहू, वीरेंद्र साहू, कैलाश नाथ साहू, याद राम साहू सहित अनेक परिजनों का विशेष सहयोग रहा।

#### पति-पत्नी ने कारोबारी को ब्लैकमेल कर 30 लाख ऐंठे

**भिलाई।** पति-पत्नी ने ब्लैकमेलिंग कर कारोबारी से लाखों रुपए ठगी किया। शिकायत पर धारा 308 (2), 308 (3), 3(5) के तहत जुर्म दर्ज किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड जामुल निवासी कारोबारी अमित कुमार पाण्डेय ने शिकायत किया है कि राम नगर सुपेला की रहने वाली पूजा विदौलिया नामक युवती ब्लैकमेल कर 30 लाख रूपये लेकर जान से मारने की धमकी दी है। पूजा ने पीड़ित को विश्वास में लेकर रिलेशनशिप में रहनी लगी। पूजा चौहान ग्रीन वेली के मकान मे रहती थी। अमित और पूजा कुछ दिन बाद दोनों अलग हो गए। पूजा ने अलग होने के एवज में अमित से 10 लाख रूपये का डिमांड की। पीड़ित ने 8 लाख रूपये नगद व 2 लाख पूजा के बैंक खाते में ट्रांसफर किया। फिर दोबारा पूजा ने वैशाली नगर अमित को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पूजा ने 8 लाख की जेवरात, 2 लाख के कपडा अमित पाण्डेय से लिया। उसके 9 माह बाद सूरज शुक्ला उर्फ प्रतीक अग्निवंशी से विवाह कर ली। पति-पत्नी मिलकर अमित पाण्डेय को ब्लैकमेल करने लगे। धमकी देकर अमित से फिर 7-8 लाख रूपये लिया जो पूजा के खाते में ट्रांसफर किया। इसके बाद भी लगातार पूजा और सूरज शुक्ला ब्लैकमेल कर पीड़ित के बच्चों को परिवार को जान से मारने की धमकी दिया करते थे। झूठे केस में फंसाने की भी धमकी देती रही। परेशान होकर पीड़ित ने शिकायत पुलिस से किया।

#### हटाए गए अशोक बजरंग नए आयुक्त

**भिलाई।** दो दिन पहले नंदिनी रोड पर कब्जेधारियों पर चले बुलडोजर का असर शनिवार को देखने को मिला। प्रभारी आयुक्त अशोक द्विवेदी को हटाकर बजरंग दुबे को भिलाई निगम का नया आयुक्त बनाया गया है। बजरंग दुबे लंबे समय से प्रशासन में निर्वाचन का काम देख रहे थे। शनिवार को उन्होंने प्रभार भी ले लिया। बता दें कि भिलाई निगम के आयुक्त देवेश ध्रुव के ट्रांसफर के बाद अशोक द्विवेदी को प्रभार दिया गया था। इस बीच बिना विधायक रिकेश सेन को जानकारी दिए तोड़फोड़ की कार्रवाई नंदिनी रोड में की गई। खबर है कि इस मामले को लेकर नाराज़ विधायक रिकेश सेन ने नगरीय निकाय मंत्री और उप मुख्यमंत्री अरूण साव और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शिकायत की। इसके बाद बजरंग दुबे को आयुक्त बनाकर भेजा गया है। पिछले लंबे समय से भिलाई निगम में आईएएस की पदस्थापना होते रहे हैं, लेकिन ध्रुव के जाने के बाद से किसी भी आईएएस की पदस्थापना भिलाई निगम में नहीं की गई है। इसे लेकर चर्चा भी हो रही है।

## अमोरा में कलामंच व ग्राम पंचायत भवन जर्जर, ग्रामीणों ने की पुनर्निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- कहा– अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को कई बार समस्या बताने के बाद भी नहीं किया गया समाधान

जिले के ग्राम अमोरा में 30 साल पहले बना कलामंच अब जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है, जो कभी भी गिर सकता है। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि मंच कितना जर्जर अवस्था में है, जो धीरे धीरे दम तोड़ रहा है। यह स्थिति केवल ग्राम के कलामंच की नहीं, बल्कि कलामंच के बगल में बने ग्राम पंचायत भवन की भी है, जो जर्जर हालत में है। यह भवन भी ग्रामीणों सहित अन्य लोगों के लिए खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या के बारे में जनप्रतिनिधियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक किसी ने ध्यान नहीं दिया। ग्राम पटेल भोजराम साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश धनेलिया, बहादुर भूआर्य, मन्नू चिराम, यशवंत ऊर्वशा राम किशन, पियुष परसगिया, पेमा यादव, महेन्द्र साहू, भागवत ▶▶|शेष पेज 11 पर

## घर-घर जाकर की जाएगी पशुधन की गिनती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद।

- जिले के सभी 133 प्रगणकों व 16 सुपरवाईजरों को दिया गया प्रशिक्षण

सितंबर से दिसंबर 2024 तक पशुधन संगणना का कार्य किया जाना है। इसके लिए उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जिला बालोद के मार्गदर्शन में 21वीं पशु संगणना प्रशिक्षण सह एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जिला बालोद के डी.आई. लैब सभाकक्ष में किया गया। कार्यशाला में राज्यस्तरीय पशुधन संगणना मास्टर ट्रेनर डॉ. सुधीर पंचमाई, संभागीय नोडल अधिकारी द्वारा जिले के ▶▶|शेष पेज 11 पर

## फुटबाल नेशनल कैंप के लिए शालिनी और सोनम का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी



ईंटर डिसट्रिक्ट सीनियर महिला ओपन फुटबॉल प्रतियोगिता एनटीपीसी कोरबा द्वारा 17 से 21 सितंबर तक आयोजित किया गया। प्रतियोगिता गर्ल्स फुटबॉल क्लब डोंडी की जूनियर खिलाड़ियों ने भी बालोद जिले का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता में बालोद, बिलासपुर, बस्तर, बीजापुर, दुर्ग, रायपुर की टीमों ने भाग लिया। बालोद अपने क्वार्टर फाइनल मैच में बिलासपुर को 5-0 के अन्तर से पराजित किया । उसके बाद सेमीफाइनल मैच जो कि छत्तीसगढ़ की पहली रेंक दुर्ग की टीम के साथ बहुत ही संघर्ष पूर्ण मैच में डोंडी की बालिकाओं ने अपना कुशल खेल दिखाया, लेकिन दुर्ग की टीम अनुभव और सीनियर होने का लाभ उठा कर 4-0 के अन्तर से मैच जीत लिया। इस तरह से डोंडी, बालोद की टीम फ़ाइनल की रेस से बाहर हो गई, परंतु शालिनी चौरका और सोनम साहू सीनियर खिलाड़ियों के बीच प्रतिभा के दम पर नेशनल टूर्नामेंट के कैम्प में जगह बनाने में कामयाब रहीं। सीनियर नेशनल कैम्प में चयन होने पर क्लब के अध्यक्ष मोहनतीन चौरका एवं सदस्यों संरक्षक हेमंत तन्ना, बालोद फुटबॉल संघ के सचिव त्रिनाथ नायडू, जिला खेल समन्वयक जेना, ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी मंजुला मैडम, वैष्णव, सोनवानी, छगन यदु, नीलेश गौर, शोएब, इकरामु, टीनू, शिवम राई, सुमन, समस्त साथी खिलाड़ियों, नगर के खेल प्रेमियों, पालकों,श्रवण साहू, संतोष सिन्हा, टीम के कोच सन्तु यादव ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।


### पंखे कूलर के बिना घरों में रहना हुआ मुश्किल

# बारिश का दौर थमते ही उमसभरी गर्मी ने बढ़ाई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बीते करीब सप्ताह भर से मानसून पर ब्रेक लगा हुआ है, जिसके कारण सुबह से दोपहर तक सूरज का तीखा प्रहार लोग झेल रहे हैं। चिलचिलाती धूप में लोग गमछा का सहारा लेकर घर से निकलते नजर आने लगे हैं, वहीं घरों में पंखे के अलावा कूलर तथा ऐसी चालू करने की नौबत आ गई है। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों की कुछ जगहों पर अभी से ओस की बूंदें नजर आने लगी हैं।

भले ही बीते करीब सप्ताह भर से बारिश नहीं होने से लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन आसमान में सिस्टम कभी भी सक्रिय हो सकता है और बारिश हो सकती है। मौसम विभाग की माने तो मानसून की विदाई से पहले जिले में बारिश होने की पूरी संभावना है। इस बीच, सुबह से दोपहर तक चिलमिलाती धूप ने लोगों को हलाकन कर दिया। लोग धूप और गर्मी से बचने तरह तरह के उपाय करते नजर आए। इस दौरान दोपहर के बाद मौसम में अचानक परिवर्तन हो गया और गरज चमक के साथ तेज हवाएं चलने लगी, इसके साथ ही बूंदाबांदी भी हुई। जिले के कुछ इलाकों में बारिश हुई जिससे लोगों को कुछ देर के लिए राहत जरूर मिली।



#### इस साल तांदुला नहीं हुआ ओवरफ्लो

इस साल मानसून की शुरुआत होते ही जिले में झमाझम बारिश होने से जिले के छोटे जलाशयों के साथ सबसे बड़े तांदुला जलाशय भी ओवरफ्लो होने की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन जिले के दो छोटे जलाशयों को छोड़कर गोंदली व तांदुला जलाशय ओवरफ्लो नहीं हुए। सितंबर माह में अच्छी बारिश होने के बावजूद तांदुला जलाशय ओवरफ्लो नहीं हो पाया। हालांकि तांदुला में आज भी पानी लबालब भरा हुआ है, लेकिन गेट खोलने की वजह से तांदुला जलाशय का जलस्तर धीरे धीरे घट रहा है।

#### ग्रामीण क्षेत्रों में दिखने लगीं ओस की बूंदें

सितंबर माह मानसून का अंतिम माह होता है। अक्टूबर माह की शुरुआत होते ही ठंड की भी शुरुआत होगी। हालांकि अक्टूबर माह के 10 दिनों पहले ही जिले के ग्रामीण व वनांचल क्षेत्रों में सुबह के समय हल्की ओस की बूंदें नजर आने लगी हैं। ओस की बूंदों के साथ ही हल्की ठंड का अहसास होने लगा है।

पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### मनीष बने फाडा के नेशनल चेयरमैन



रायपुर। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने मनीष राज सिंघानिया को अपने नेशनल एकेडमी एंड रिसर्च के चेयरमैन के रूप में नियुक्त किया है। वे 2022 से 2024 तक फाडा के अध्यक्ष रह चुके हैं और पिछले 15 वर्षों में विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे हैं। श्री सिंघानिया ने अपने नए कार्य में एकेडमी कस्टमर एक्सपीरियंस इंडेक्स 2.0 के अध्ययन पर जोर दिया है। उनका लक्ष्य ऑटो रिटेल सेक्टर से जुड़ी विविध अनुसंधान परियोजनाओं के माध्यम से डीलरों, आपूर्तिकर्ताओं और निर्माताओं के बीच समझ और सहयोग बढ़ाना है।

### खेमबाई को पीएचडी



रायपुर। रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ने अवंति विहार तेलीबांधा निवास खेमबाई साहू को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय महादेवी वर्मा के गद्य साहित्य में वैचारिक संघर्ष : एक अध्ययन था। उन्होंने अपना शोध रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय की हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. सविता वर्मा के निर्देशन में पूर्ण किया। उन्होंने इस उपाधि का श्रेय हिंदी विश्वविद्यालय के सभी अध्यापक, परिजन, सहयोगियों और मित्रों को दिया है।

### स्किन रोग जांच शिविर में 250 मरीजों ने कराई जांच



रायपुर। वी कैन फाउंडेशन की ओर से शनिवार को निशुल्क स्किन रोग जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 250 के करीब लोगों ने पहुंचकर जांच शिविर का लाभ उठाया। यह शिविर स्व. ममता शुक्ला की स्मृति में लगाया गया। शिविर में डॉ. के. रवि राव (एमबीबीएस, एमडी) (वीडीएल) ने मरीजों का परीक्षण कर परामर्श दिया। जांच शिविर में मुंहासे एवं दाग धब्बे, नाखून के रोग, सफेद दाग एवं ल्यूकोडर्मा, कुष्ठ रोग, समस्त प्रकार के रतीज रोग, पुराना एक्जिमा एवं एलर्जी, कॉस्मेटिक सर्जरी, बालों के रोगों का संपूर्ण इलाज, त्वचा एवं चेहरे में चमक लाना, शरीर में खुजली या दाद, बच्चों के त्वचा संबंधी उपचार, सोरियासिस का जांच एवं उपचार किया गया। जांच शिविर में पहुंचे निगम के सभापति प्रमोद दुबे ने कहा कि प्रदूषण और खानपान की वजह से आज अन्य बीमारियों के साथ त्वचा संबंधी रोगों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। इसलिए इनसे बचने के लिए हर छह महीने में शरीर की जांच जरूर करानी चाहिए। इस संबंध में फाउंडेशन के डायरेक्टर कुणाल शुक्ला ने बताया कि आज पर्यावरण और वातावरण प्रदूषित होते जा रहा है। ऐसे में स्किन की देखभाल करना जरूरी हो गया है।

# किरणमयी ने कहा- महिलाओं ने जेल में दिखाए बर्बरता और अत्याचार के निशान, सबूत मिटाने का हो रहा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कवर्धा के लोहारीडीह गांव में हुई आगजनी और हत्याकांड के मामले में दुर्ग जेल में बंद 33 महिला बंदियों से मिलने राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक केंद्रीय जेल शनिवार को पहुंचीं। यहां उन्होंने महिला बंदियों से पूछताछ कर बयान दर्ज किया। उनके साथ में एक शासकीय डॉक्टर, पुलिस प्रशासन की ओर से आईयूसीएडब्ल्यू प्रभारी पद्मश्री तंवर और दुर्ग तहसीलदार क्षमा यदु मौजूद थीं। किरणमयी नायक का कहना है कि उनको महिलाओं ने बर्बारता और अत्याचार के निशान दिखाए हैं। जेल में महिलाओं के घावों को भरकर सबूत मिटाने के लिए उनको ऐसी दवाई जी रही है, जिससे निशान जल्द मिट सकें। इस मामले की पूरी रिपोर्ट बनाकर मैं राज्यपाल और हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को भेजूंगी।

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने बताया, जेल में 33 महिलाओं को गिरफ्तार कर रखा गया है। इनमें से 30 महिलाओं के शरीर पर चोट के निशान हैं। महिलाओं को अलग कमरे में ले जाकर वन टू वन उनसे बातचीत की और उन्होंने अपने कपड़े हटाकर अपने घाव दिखाए। इनके साथ बहुत ज्यादा अत्याचार किया गया है। एक लड़की अपने घर तीजा मनाने आई थी, उसको भी पकड़ कर जेल में डाल दिया गया है। रात को घरों में घुसकर महिलाओं को घरों से निकालकर गिरफ्तार किया गया और इनके साथ घरों के अलावा थाने में मारपीट की गई है। उन्होंने बताया, एक महिला को गिरफ्तार कर जेल में लाया गया फिर उसके बेटे की मौत के बाद उसे अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया था। यह किस प्रक्रिया के तहत हुआ, इसे जानने की जरूरत है। श्रीमती नायक ने बताया, कई महिलाओं के शरीर पर चोट हैं, जो बता रहे हैं कि उनके साथ में कितनी बर्बरता की गई है। इनमें कई देवरानी जेठानी हैं, तो कई एक ही परिवार की हैं।

### अपनी रिपोर्ट बनाकर राज्यपाल और हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को भेजूंगी

#### 33 का बयान लिखवाया ढाई घंटे में

श्रीमती नायक ने बताया कि पहले तो हमारी वकील को भी साथ में जाने नहीं दिया जा रहा था, लेकिन बाद में वकील को अंदर भेजा गया। मैंने अपनी वकील से 33 महिलाओं का बयान लिखवाया है। इसमें करीब ढाई घंटे का समय लगा। साथ में मोबाइल भी नहीं ले जाने दिया गया और महिलाओं के साथ फोटो भी नहीं खींचने दी।



## महापौर एजाज ढेबर के कार्यकाल की अंतिम सामान्य सभा

# नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक 3 को, एक घंटे का होगा प्रश्नकाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक 3 अक्टूबर को गांधी सदन के सामान्य सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित है। सामान्य सभा की बैठक में इस बार 32 एजेंडे सदन में चर्चा के लिए रखे जाएंगे। महापौर एजाज ढेबर और उनकी परिषद के कार्यकाल की यह अंतिम सभा हंगामेदार होने के आसार हैं। जनहित से जुड़े मुद्दों पर विपक्ष शहरी सरकार को घेरने की तैयारी में है। सामान्य सभा शुरू होने से पहले 1 घंटे का प्रश्नकाल होगा। इसके लिए आधा दर्जन पार्षदों ने शहर विकास से जुड़े विषयों पर दर्जनभर प्रश्न लगाए हैं।

सामान्य सभा की बैठक में शास्त्री बाजार के नवनिर्मित व्यावसायिक परिसर की दुकानों के आवंटन, गांधी मैदान के कांजी हाउस परिसर में निर्मित दुकानों के लीज नवीनीकरण का मुद्दा गरमाएगा। विपक्ष इस एजेंडे में नगर निगम की भूमिका पर सवाल उठाने के मूड में है। यही नहीं, निगम मुख्यालय के पास बनाई गई 3 दुकानों के औचित्य और इसके निर्माण को लेकर शहरी सरकार सवालों के घेरे में आ सकती है। विदित हो, गांधी सदन वाले मार्ग में नगर निगम द्वारा 3 नई दुकानें 2 साल पूर्व बनवाई गईं। यह दुकानें किस हिसाब से बनाई गईं, कैसे बनी, इस पर सवाल उठाये जाएंगे।

- परिषद को जनहित के मुद्दों पर सदन में घेरने विपक्ष रणनीति बनाने में जुटा
- हंगामेदार होगी बैठक, 2 दिन सभा चलने के आसार, 32 एजेंडे




### 10 ई बस की राशि मद परिवर्तन पर हो सकता है हंगामा

नगर निगम द्वारा 10 ई बसों की खरीदी और चार्जिंग स्टेशन के लिए पंद्रहवें वित्त आयोग मद से 12 करोड़ की राशि का मद परिवर्तन कर दूसरे कार्यों में खर्च किये जाने को लेकर सवाल उठ सकते हैं। ई बस खरीदी के प्रस्ताव को नगर निगम ने हाल ही में निरस्त कर दिया था। नगर निगम को इस मद में मिली 12 करोड़ की राशि अन्य कार्यों में खर्च की जाएगी।

### रोड स्वीपिंग मशीन का दायरा बढ़ाने पर सवालों की लगेगी झड़ी

शहर की प्रमुख सड़कों से धूल हटाने अभी तक 86 किलोमीटर के चिन्हांकित सड़क की सफाई मेकैनाइज्ड तरीके से रोड स्वीपिंग मशीन से कराई जा रही है। इस मशीन का दायरा नया रूट के साथ 66 किलोमीटर और बढ़ाने का प्रस्ताव पर सदन में चर्चा होनी है। विपक्ष इस मुद्दे पर सवाल उठा सकता है कि पूर्व में रोड स्वीपिंग मशीन से कराई जा रही सफाई से क्या शहर की धूल कम हुई? शहरवासी क्या इससे संतुष्ट हैं, इसकी कोई रिपोर्ट तैयार हुई है या नहीं, इसका जवाब शहरी सरकार को सदन में देना पड़ सकता है। इसके साथ नामकरण, जाति प्रमाणपत्र सहित अन्य प्रस्ताव पर चर्चा होगी।

### प्रश्नकाल में पार्षद ने लगाए प्रश्न

**सूर्यकांत राठौर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष**

- मोनो रेल परिवहन के लिए मास्को सरकार के साथ महापौर ने एमओयू किया है : मेयर की यात्रा सरकारी है या निजी?
- नगर निगम अधिनियम के तहत किस धारा में विदेश में एमओयू का अधिकार है, यदि हां तो किसे?
- महापौर द्वारा एमओयू किये जाने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार से अनुमति की आवश्यकता है क्या? यदि हां तो क्या अनुमति ली गयी है?
- रायपुर से दुर्ग के बीच मोनो रेल परिचालन में कुम्हारी, चरौदा, भिलाई व दुर्ग नगरीय निकाय क्षेत्र आते हैं, इन नगरीय निकाय क्षेत्र से विधिवत अनुमति ली गई है, क्या?
- अमृत मिशन योजना में किन-किन वार्डों में कार्य किया गया है कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी दें? योजना के तहत किन घरों एवं व्यवसायिक परिसर में पानी दिया जायेगा। उसका समय कितना होगा? योजना के तहत मीटर के माध्यम से जल प्रदाय होगा प्रति यूनिट की इसकी दर क्या होगी?

# भूपेश ने कहा- लोहारीडीह मामले में जेल में बंद सभी का स्वास्थ्य परीक्षण कर इलाज कराया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, लोहारीडीह गांव में तीन-तीन हत्या होने की घटना आपसी रंजिश में और पुलिस मारपीट में प्रशांत साहू की हत्या ये तीन मामले ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। जेल में बंद जो कैदी हैं, उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया है। वे न बैठ पा रहे हैं, न चल पा रहे हैं। जो महिला जेल में बंद हैं या जो कवर्धा जेल में बंद पुरुष हैं, उन सबकी मेडिकल जांच के बाद न्यायिक जांच होना चाहिए।



इसमें एसडीएम अपने कलेक्टर के खिलाफ, अपने एसपी और सीनियर अफसर के खिलाफ क्या जांच करेगा? इसमें न्यायिक जांच होनी चाहिये। उन्होंने कहा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने इसे लेकर बंद का अव्हान किया था और बहुत सफल रहा। जो संदेश देना था, वो सफल रहा। जनता तक के लिये और सरकार के लिये। श्री बघेल ने संवाददाताओं से चर्चा में कहा, घटना के बाद एसपी, कलेक्टर, डीएसपी को हटाया गया और रेंगाखार थाना से पूरे स्टाफ को बदल दिया गया। सरकार पहले इसे आत्महत्या की घटना बता रही थी। अब सरकार ने स्वीकार कर लिया कि ये उसकी नाकामी है। उन्होंने कहा, हम लोगों ने कवर्धा और दुर्ग जेल में लोहारीडीह के लोगों से मुलाकात करने भी आवेदन लगाया, पर उनसे मिलने से रोक दिया गया।

### जेल में बंद लोगों के शरीर पर चोट के निशान

श्री बघेल ने कहा, प्रशांत साहू की जो मां है और उनके शरीर के विभिन्न हिस्सों में जो मार पड़ी है और उसके दोनो भाई के शरीर में चोटो के निशान हैं। उन्होंने बताया कि लोहारीडीह के जो लोग गिरफ्तार हुये हैं, उनकी स्थिति भी इसी प्रकार से सभी के शरीर पर चोट के निशान हैं, कोई खून की उल्टी कर रहा है, कोई चल नहीं पा रहा है, कोई उठ बैठ नहीं पा रहा है, कोई खा पी नहीं पा रहा है, ये स्थिति बनी हुयी है। सबसे पहले मेरी डिमांड है कि लोहारीडीह के जो लोग जेल में बंद हैं, उनको अस्पताल में भर्ती करायें और उन सभी के पूरे शरीर की जांच करायें।

### 50-50 लाख के मुआवजे की मांग

उन्होंने बताया कि मृतक प्रशांत साहू की पत्नी की पहले से मृत्यु हो चुकी है। पांचो बच्चे घर में हैं उनकी कोई व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा, जब हमारी सरकार थी, तब भाजपा के लोग 50-50 लाख की मांग करते थे, तो इनके परिवार को भी 50-50 लाख रुपया दिया जाये।

## निजी होटल में जीवन बीमा निगम की अवार्ड सेरेमनी

# एलआईसी अभिकर्ता विजय चांडक को मिला लिम्रा क्वालिटी अवार्ड




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतीय जीवन बीमा निगम को क्वालिटी बिजनेस देने वाले वरिष्ठ अभिकर्ता विजय कुमार चांडक को लाइफ इंश्योरेंस मार्केटिंग एंड रिसर्च एसोसिशन (लिम्रा) अवार्ड से सम्मानित किया गया है। राजधानी के निजी होटल में आयोजित अवार्ड सेरेमनी में एलआईसी के अधिकारियों के साथ तीन सौ से ज्यादा अभिकर्ता शामिल हुए।

शनिवार को आयोजित सम्मेलन में जीवन बीमा निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक (एमपी-सीजी) बी. मांझी, रीजनल मैनेजर मार्केटिंग जीके जैना, एलआईसी रायपुर के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक राजेश कुमार उपस्थित थे। इस दौरान लिम्रा मोटिवेशनल स्पीकर धीरज मल्होत्रा ने मौजूद अभिकर्ताओं को प्रेरक उद्बोधन दिया। लिम्रा का सम्मान पाने वाले विजय चांडक एलआईसी के 35 साल पुराने अभिकर्ता हैं, वे कार्पोरेट क्लब ऑफ दी राउंड टेबल तथा एमडीआरटी (यूएसए) के सदस्य हैं। उन्हें अब तक कोर्ट ऑफ टेबल का 18 और टॉप द टेबल का 7 बार सम्मान मिल चुका है। वे एलआईसी अभिकर्ताओं के मोटिवेशनल स्पीकर की भूमिका भी निभाते हैं। लिम्रा का अवार्ड वर्ष 1960 से क्वालिटी बिजनेस के लिए प्रदान किया जा जाता है।

## हड़ताली कर्मचारियों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रहीं

# धरने पर बैठे दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी सांपों से परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

धरना प्रदर्शन के लिए नया रायपुर स्थित तूता में नया धरना स्थल तो बना दिया गया है, लेकिन वहां अभी भी मूलभूत सुविधाओं की कमी है। धरना स्थल के आसपास जंगली झाड़ियों की सफाई नहीं होने की वजह से सांप के साथ कई प्रकार के जहरीले कीड़े धरना स्थल पर पहुंच रहे हैं। नियमितीकरण की मांग कर रहे एक दैनिक वेतन भोगी वनकर्मचारी को सांप डसने की घटना के बाद धरना स्थल पर एक करैत सांप घुस आया था। करैत सांप की चपेट में आने से एक कर्मचारी बाल-बाल बच गया। मौके पर उपस्थित हड़ताली कर्मचारियों ने सांप को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर ले जाकर छोड़ा। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष शुभम जायसवाल, गिरधर जैन, अरविंद वर्मा के मुताबिक धरना स्थल पर टायलेट के साथ पीने के लिए साफ पानी की व्यवस्था नहीं है। टायलेट की व्यवस्था नहीं होने की वजह से महिला प्रदर्शनकारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हड़ताली कर्मचारियों ने प्रशासन पर अव्यवस्था दूर करने किसी तरह से सुध नहीं लेने का आरोप लगाया है। गौरतलब है कि दैनिक वेतन भोगी वनकर्मचारी अपनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर डेढ़ माह से तूता में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। कर्मचारियों ने मांग पूरी नहीं होने तक धरना प्रदर्शन जारी रखने की चेतावनी दी है।

# गृहमंत्री के आश्वासन के बाद अभ्यर्थियों का आंदोलन स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एसआई भर्ती परीक्षा परिणाम जारी करने की अभ्यर्थी पिछले छह वर्षों से मांग कर रहे हैं। हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी अब तक परीक्षा परिणाम जारी नहीं करने की वजह से नाराज अभ्यर्थी एक पखवाड़ा से धरना, प्रदर्शन, आमरण अनशन, भूख हड़ताल कर रहे अभ्यर्थियों ने गृहमंत्री विजय शर्मा के आश्वासन के बाद शनिवार को अपना आंदोलन स्थगित कर दिया। गौरतलब है कि परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग को लेकर अभ्यर्थी और उनके परिजन गृहमंत्री के बंगले के बाहर शुक्रवार को धरने पर बैठ गए। अभ्यर्थी तथा उनके परिजन गृहमंत्री के घर के बाहर पूरी रात धरने पर बैठे रहे। गृहमंत्री के घर के बाहर धरने पर बैठे अभ्यर्थी तथा उनके परिजनों को दूसरे दिन सुबह पुलिस जबरन उठाकर बस में भरकर तूता धरना स्थल लेकर गई।

### गृहमंत्री से दूसरी बार मिला आश्वासन

गौरतलब है कि एसआई भर्ती परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने पूर्व में भी गृहमंत्री से संपर्क किया था, तब भी गृहमंत्री ने अभ्यर्थियों को 15 दिन के अंदर रिजल्ट जारी करने का आश्वासन दिया था। गृहमंत्री के आश्वासन तथा हाईकोर्ट द्वारा तय समय सीमा के बाद भी एसआई भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी नहीं होने से नाराज अभ्यर्थी चरणबद्ध तरीके से आंदोलन कर रहे थे। अभ्यर्थी शुक्रवार को गृहमंत्री के घर के बाहर धरने पर बैठे थे, तब गृहमंत्री स्वयं उनसे मिलने के लिए पहुंचे थे। तब भी अभ्यर्थियों ने मांगें पूरी नहीं होने तक धरना प्रदर्शन जारी रखने की बात कही थी।

### बेटी के साथ क्रूरता, पत्नी के खिलाफ एफआईआर

रायपुर। खम्हारडीह थाने में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के खिलाफ बेटी के साथ क्रूरतापूर्वक व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए लोहे की आयरन से मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, एसबीआई शांतिनगर बैंक में मैनेजर विजय मिश्रा ने अपनी पत्नी सपना के खिलाफ बेटी के साथ क्रूरतापूर्वक व्यवहार तथा मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

विजय ने अपनी पत्नी पर आरोप लगाया है कि वह उसकी बेटी के साथ आए दिन मारपीट करती रहती है, जिसकी वजह से उसकी बेटी मानसिक रूप से बुरी तरह से प्रताड़ित है।

### फेडरेशन की 27 से कलमबंद हड़ताल प्रदेश शिक्षक महासंघ ने किया समर्थन

रायपुर। प्रदेश शिक्षक महासंघ ने छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा 27 सितंबर को आयोजित कलमबंद हड़ताल का समर्थन किया है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राजनारायण द्विवेदी कहा है, संघ से जुड़े सभी जिला अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष और पदाधिकारी तथा सदस्य 27 सितंबर के प्रदेश व्यापी आंदोलन में शामिल होंगे। आंदोलन को सफल बनाने का आव्हान करते हुए श्री द्विवेदी ने कहा कि सामूहिक अवकाश लेकर प्रदेश शिक्षक महासंघ इसमें अपना पूरा समर्थन करेगा।दरअसल, भाजपा घोषणापत्र अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों को केन्द्र के समान देय दिनांक से 4 फीसदी महंगाई भत्ता दिए जाने, जुलाई 2019 से लंबित मंहगाई भत्ता के एरियर्स की राशि दिए जाने और चार स्तरीय वेतनमान, केन्द्र के समान गृह भाड़ा भत्ता , अर्जित अवकाश नगदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन दिये जाने की मांग को लेकर 27 सितंबर को प्रदेश के लाखों कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा, प्रदेश शिक्षक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राजनारायण द्विवेदी ने बताया चरणबद्ध आंदोलन को अब नई सहिबो मोदी के गारंटी लेके रहिबो का नाम दिया गया है।

## 25 सितंबर तक अपर कलेक्टर के कोर्ट में पेश होने के निर्देश

# सिलेंडरों का अवैध कारोबार-भंडारण मामले में गैस एजेंसी और बेकरी फैक्ट्री संचालक को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गैस सिलेंडरों का अवैध कारोबार के मामले में जिला प्रशासन ने लक्ष्मी गैस एजेंसी कांदुल तथा अवैध भंडारण कर सिलेंडरों का उपयोग करने पर एक बेकरी संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। खाद्य विभाग की टीम ने गैस एजेंसी में छापा मारते हुए वहां बड़ी संख्या में घरेलू एवं कमर्शियल सिलेंडरों की कालाबाजारी करते पकड़ा था। इसी प्रकार बोरियाखुर्द स्थित न्यू नाइस बेकरी फैक्ट्री में छापा मारते हुए करीब साढ़े तीन सौ गैस सिलेंडर जब्त किए थे। इन दोनों प्रकरण



मे विभाग ने अब संचालकों के विरुद्ध नोटिस जारी कर 25 सितंबर को जवाब के साथ अपर कलेक्टर के कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया गया है।

खाद्य विभाग की टीम ने 27 अगस्त 2024 को न्यू राइस बेकरी में छापा मारा था। इस दौरान टीम ने यहां से 19 किलो वजन वाले 327 व्यावसायिक गैस सिलेंडर बरामद किए थे। इनमें 90 भरे हुए और 181 खाली तथा 56 नोजल से लगे हुए थे। जांच में पता चला कि इस फैक्ट्री में प्रतिदिन औसतन 2 सौ गैस सिलेंडर उपयोग में लाए जाते हैं, जबकि फैक्ट्री संचालक द्वारा 100 किलो से अधिक विस्फोटक रखने की अनुमति भी विभाग से नहीं ली गई है। इसके अलावा फैक्ट्री में सिर्फ दो अग्निशामक यंत्र ही मिले, जिसका नवीनीकरण भी पेश नहीं किया है।

### गैस एजेंसी का किया निरीक्षण

फैक्ट्री में छापा मार कार्रवाई के दौरान विभागीय टीम ने कांदुल स्थित लक्ष्मी गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एजेंसी में दैनिक कुल सिलेंडरों का भंडारण संख्या, आवक संख्या, स्टॉक संख्या एवं पंजीकृत उपभोक्ताओं का विवरण सहित अन्य स्टॉक पंजी मौके पर नहीं पाई गई थी। जांच में वितरण किए गए सिलेंडरों का बिल, वाउचर, स्टोरेज लाइसेंस, अग्निशमन का वैधता प्रमाण पत्र, रेटिंग प्रमाण पत्र भी मौके पर पेश नहीं किए गए। यही नहीं, भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा एजेंसी को भेजे गए सिलेंडरों की संख्या और एजेंसी के रिकार्ड में अंतर पाया गया। इस तरह इन दोनों मामलों में गैस एजेंसी और फैक्ट्री संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी कर 25 सितंबर को अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर के कोर्ट में जवाब के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। इस निर्देश का पालन नहीं करने पर संचालकों के विरुद्ध एकपक्षीय कार्रवाही करने की भी चेतावनी दी गई है।

# आत्म सम्मान-स्वाभिमान जगाओ यात्रा का 24 से बसपा सोनाखान से करेगी शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बहुजन समाज पार्टी 24 सितंबर से सोना खान-गिरौधपुरी से जनजाति, पिछड़ा वर्ग का आरक्षण बचाओ, आत्म-सम्मान और स्वाभिमान जगाओ यात्रा निकालने वाली है। इसका समापन 9 अक्टूबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में होगा। यहां उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सांसद व बसपा के राष्ट्रीय समन्वयक व पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामजी गौतम मुख्य अतिथि होंगे। विशिष्ट अतिथि केंद्रीय स्टेट समन्वयक एवं प्रदेश प्रभारी एडएनपी अहिरवार, दाऊराम रत्नाकर होंगे। पत्रकारों को यह जानकारी शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन ने दी। छत्तीसगढ़ में बसपा को मजबूती देने वाले संतोष मार्कण्डे, सूरज तांडी ने बताया कि यात्रा की शुरुआज 24 सितंबर को सुबह 10 बजे सोनाखान गिरौधपुरी से बाबा घासीदास के जैतखंभ को नमन करते हुए निकाली जाएगी। यह यात्रा 15 दिनों तक छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में जाएगी और लोगों को आत्म सम्मान व उनके स्वाभिमान के लिए खतरा बन रही सोच की जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक किया जाएगा। श्याम टंडन ने बताया कि 10 जून को बलौदाबाजार में जो घटना हुई, उसमें निर्दोष सतनामी समाज के लोगों को गिरफ्तार करके उन्हें जेल भेजा गया है। उनकी निःशर्त रिहाई की जाएगी। साथ ही हसदेव अरण्य में कटाई पर रोक एवं पूरे प्रदेश में नक्सलियों के नाम पर आदिवासियों के साथ हो रहे अन्याय व अत्याचार और शोषण को बंद करने सहित सात सूत्रीय मांगें दोहराई जाएंगी। कबीरधाम के लोहारीडीह में हुई घटना निंदनीय है, सरकार वहां तत्काल शांति बहाल करे और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करे।

- सात सूत्रीय मांग को लेकर प्रदेशभर में चलाएगी अभियान

## खबर संक्षेप



### चोवाराम के खाते में आई पीएम आवास की पहली किश्त

**बालोद।** कच्चे दीवारों और शेड लगे घर में रहने वाला चोवाराम अब अपने पक्का आवास निर्माण के सपने को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत साकार करेगा।बालोद जिले के ग्राम कांडे. निवासी चोवाराम निर्मलकर ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण के लिए उसके बैंक खाते में उसे प्रथम किस्त की राशि 40 हजार रूपये मिली है। उन्होंने कहा कि अब वह अपने पक्का आवास निर्माण का सपना बहुत ही शीघ्रता से पूरा कर सकेगा। उसने कहा कि यह सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के शासन में ही संभव हो पाया है, जो उसका वर्षों पुराना सपना साकार होने वाला है। पेशे से कपड़ा बुनाई का कार्य करने वाले चोवाराम निर्मलकर ने बताया कि बुनकर का काम और रोजी–मजदूरी ही उसके आय का साधन है। जिससे वह घर की जरूरतें पूरी कर पाता है, लेकिन पक्का आवास निर्माण करने के लिए आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है।

### वन नेशन वन इलेक्शन का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत







**गुण्डरदेही।** पूर्व राष्ट्रपति डॉ रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा दिए गए सुझाव वन नेशन वन इलेक्शन को केंद्र की भाजपा नीत गठबंधन सरकार द्वारा लागू किए जाने का भाजपा नेता सतीश साहू, नरेश यदु व ठाकुर राम चंद्राकार ने इसका स्वागत किया है।
नरेश यदु ने कहा कि कांग्रेस के नेता हर अच्छे फैसले का विरोध करते हैं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को इसमें क्या कमी दिखाई देती है, यह समझ से परे है।

सतीश साहू ने कहा कि देश में वन नेशन वन इलेक्शन होने से हजारों करोड़ रुपए जो बार–बार चुनाव में खर्च होते हैं, उसकी बचत होगी। साथ ही बार–बार लगने वाले समय की बचत होगी, जिसका उपयोग जनकल्याणकारी कार्यों को होगा। इसी तरह ठाकुर राम चंद्राकार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर लगातार आगे बढ़ रहा है। वहीं, प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को पूरा कर रहे हैं। प्रदेश में किसान, महिलाएं, श्रमिक व युवाओं के हित में निर्णय लिए जा रहे हैं।

### अखिल भारतीय किसान महापंचायत आज

**दुर्ग।** तालकटोरा स्टेडियम नई दिल्ली में 23 सितंबर को होने वाले किसान महापंचायत में छत्तीसगढ़ राज्य के अलग-अलग जिलों से 36 किसान शामिल होने ट्रेन से दिल्ली रवाना हुए।

कुंदरूपारा में भाजपा के सदस्यता अभियान में शामिल कांकेर सांसद भोजराज, किया दावा-

# अगले 5 साल में देश में कोई व्यक्ति ऐसा नहीं होगा, जिसके पास अपना घर न हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

रविवार को भाजपा शहर मंडल द्वारा कुन्दरूपारा आईटीआई भवन में आयोजित सदस्यता अभियान कार्यक्रम में कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने लोगों को डिजिटल माध्यम से भाजपा का सदस्य बनाया।

सांसद भोजराज ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश और राज्य में भाजपा की सरकार बन चुकी है, अब अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को योजना का लाभ मिले, इसलिए हर वार्ड में भाजपा का पार्षद होना चाहिए। तीन माह बाद शहर में भाजपा का अध्यक्ष होगा। पार्षद भी भाजपा का होने से वार्डवासियों को लाभ होगा।

सांसद श्री नाग ने कहा कि देश के करोड़ों गरीबों को घर, शौचालय, गैस, पीने का पानी, बिजली, अनाज और 5 लाख तक की स्वास्थ्य सुविधाएं देने का काम मोदी ने किया है। उन्होंने कहा कि हमने लक्ष्य रखा है कि अगले 5 साल में देश में कोई व्यक्ति ऐसा नहीं होगा जिसके पास अपना घर न हो। जिन गरीबों का घर कांग्रेस सरकार ने बनने नहीं दिया उन्हें अवश्य ही पक्का मकान मिलेगा। इस दौरान पार्षद सरोजिनी डोमन साहू, पूर्व पार्षद अम्बिका यादव, हितेश्वरी कौशिक, वनिता मरकाम, रोहणी साहू, डोमेन्द्र साहू, जयराम निर्मलकर, संजय सोनी, लता ताम्रकार, भूपेंद्र यादव, सोमकान्त ढीमर, भुजेश्वरी साहू सहित वार्डवासी उपस्थित थे।



### समाज व राष्ट्रहित के लिए भाजपा से जुड़ें : पवन

भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि समाजहित, राष्ट्रहित के लिए भाजपा से जुड़ें और हर वर्गों को भाजपा से जोड़ें। भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णकांत पवार ने कहा कि हर माताओं को महतारी वंदन योजना से जोड़कर भाजपा ने मातृशक्ति को सम्मान दिया है। देश मोदी जी के मार्गदर्शन में विकसित राष्ट्र के पथ पर आगे बढ़ रहा है। इसलिए हर देशवासियों को भाजपा के साथ जुड़ कर देश को समृद्ध बनाने में सहयोग करना होगा।

### पार्षद कमलेश ने बताई समस्या

पहली बार कुन्दरूपारा पहुंचे सांसद भोजराज नाग को पार्षद कमलेश सोनी ने वार्ड दिखाया, उन्होने बताया कि वार्ड में पानी की समस्या है। अटल आवास में गंदगी पसरा रहता है। वहां के लोगों के पास पीने तक का पानी उपलब्ध नहीं है। मुक्तिधाम के पास गोंदली नहर के ऊपर पुल बना कर पाररास से जोड़ने का काम कई साल से अटका है। कुन्दरूपारा में आईटीआई के पीछे नए कॉलोनी में बिजली विस्तार करना जरूरी है। वहीं वार्डवासियों की सामुदायिक भवन की मांग भी है। उन्होंने बताया कि जन समस्याओं को लेकर कांग्रेस के वार्ड पार्षद और नगर पालिका अध्यक्ष हमेशा नदारद रहते हैं। शहर के वार्डवासी मूलभूत सुविधाओं के लिए रोजाना जूझते रहते हैं। जिस पर सांसद ने मौके पर पालिका और बिजली विभाग के अफसरों से बात की। वहीं पालिका में भाजपा के अध्यक्ष बनते ही कुन्दरूपारा और पाररास बायपास के मुद्दे को प्रमुखता से हल करवाने सहित शहर से जुड़े प्रत्येक समस्याओं के निदान का आश्वासन दिया।



## प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प को पूरा करने भाजपा के ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाएं

बालोद। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को लेकर बालोद जिला, मंडल, शक्ति केंद्र व बुथ स्तर पर भी कार्यशाला रखी गई। सदस्यता अभियान का 20 दिन पूर्ण होने पर जिला स्तर पर चुने हुए जनप्रतिनिधि पदाधिकारी व अभियान से जुड़े 250 सदस्यों की विशेष बैठक जिला भाजपा कार्यालय में रखी गई। बैठक में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं संभागीय प्रभारी भूपेंद्र सावन्नी व कांकेर सांसद भोजराज नाग विशेष रूप से उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष पवन साहू ने सदस्यता अभियान की जिले में चल रहे कार्यों की जानकारी दी। साथ ही जिले के कार्यकर्ताओं को इस अभियान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अधिक सक्रियता से जुड़ने का आह्वान किया। भूपेंद्र सवन्नी ने कहा कि यह सदस्यता अभियान निर्धारित समय के लिए चलाया जा रहा है। यह अभियान आने वाले लोकसभा, विधानसभा सहित क्षेत्रीय चुनाव के लिए लाभदायक होगा। उन्होंने कहा कि हमारे पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितंबर को देशभर के प्रत्येक बूथ में भाजपा का एक कार्यकर्ता प्रवास करेगा और वहीं न्यूनतम 100 सदस्य उस दिन बनाए जाएंगे। इसकी पूर्ण कार्य योजना बैठकों के माध्यम से निर्धारित हो एवं 26 तारीख को इस कार्य की समीक्षा भी होगी। उसके बाद 27 व 28 तारीख को विधानसभावार भी समीक्षा रखी जाएगी।

बैठक में सांसद भोजराज नाग ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए भाजपा कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाएं। उन्होंने कहा कि मोदी के हाथों को शक्तिशाली बनाने के लिए भी इस अभियान से जुड़ना है।

बालोद जिले में भाजपा के लिए हमेशा संभावनाएं हैं जो कि लोकसभा में जिले से जीतकर दिखाया है, आगे नगरी निकाय, पंचायती राज चुनाव होना है कार्यकर्ताओं का अपना चुनाव है, पंच से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा का कार्यकर्ता विजय हो, भाजपा के विकास के मुद्दे को लेकर हर घर तक कार्यकर्ता पहुंचे। प्रत्येक बूथ में 200 सदस्यता का न्यूनतम लक्ष्य को कार्यकर्ता पूर्ण करें

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री एवं सदस्यता अभियान के जिला संयोजक राकेश छोटू यादव ने किया। आभार सदस्यता टोली सदस्य हरीश काटझरे ने किया। बैठक में पूर्व विधायक प्रीतम साहू, कृष्णकांत पवार, यज्ञदत्त शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, महामंत्री चेमन देशमुख, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, किशोरी साहू, ठाकुर रामचंद्राकार, त्रिलोकी साहू सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



### चंद्राकर समाज के लोगों नेविधायक ललित को दी बधाई

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर को राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। इस पर चंद्राकार समाज के पदाधिकारियों ने विधायक निवास पर सौजन्य विधायक श्री चंद्राकर से मुलाकात कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही चंद्राकार समाज को प्रतिनिधित्व देने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष अश्वनी चंद्राकर, पूर्व अध्यक्ष कुरूद दिनेश चंद्राकर, कुंदन चंद्राकर पवन चंद्राकर, पुष्पेंद्र चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## माता कौशल्या पर आधारित लघु फिल्म का किया गया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

रामायण में माता कौशल्या की महती भूमिका की जीवंत चित्रण करते हुए डेढ़ घंटे का लघु फिल्म जामगांव आर के सेवानिवृत्त व्याख्याता नारायण चंद्राकर मैत्री कुंज भिलाई द्वारा तैयार किया गया है। इस संबंध में रायशुमारी प्रदर्शन जैन भवन जामगांव आर में 22 सितंबर को प्रबुद्ध वर्ग के समक्ष किया गया। सेवानिवृत्त व्याख्याता नारायण चंद्राकर के लेखन से तैयार इस लघु फिल्म का व्यवस्थापन एसी फिल्म के बैनर तले वेदप्रकाश चंद्राकर अमन चंद्राकर ने सजाया संवारा है। नारायण चंद्राकार माता कौशल्या गौरव अभियान समिति अगासदिया परिसर



आमदी नगर भिलाई के कोषाध्यक्ष है, वे आल्हा गायन दल का निर्देशन भी कर रहे हैं।

नारायण गुरु जी ने कहा कि माता कौशल्या छत्तीसगढ़ महतारी की बेटी हैं और भगवान राम ने 14 वर्ष वनवास अवधि में से 10 वर्ष छत्तीसगढ़ में बिताए, यह हमारे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है। इससे हर बच्चा, हर नागरिक परिचित हो इसी भाव से इस लघु फिल्म का निर्माण किया गया है। फिल्म के प्रदर्शन के दौरान निर्देशक नारायण प्रसाद चंद्राकर के साथ ही कामता प्रसाद साहू, पूर्व सरपंच कन्हैया लाल साहू, रूपेंद्र शुक्ला, मुकेश शुक्ला, प्रताप सिंह ठाकुर, डॉ. दानी प्रसाद शर्मा, अमन चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बालक में दुर्ग व बालिका में रायपुर सेक्टर ने जीता शतरंज का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 20 एवं 21 सितंबर को शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में दो दिवसीय राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेश के 10 सेक्टरों से आए कुल 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ राजन कुमार दुबे, चेयरमैन, शैलदेवी महाविद्यालय अंडा दुर्ग ने दिनेश कुमार नामदेव, संचालक, शारीरिक शिक्षा विभाग, हेमचंद विश्वविद्यालय, दुर्ग के साथ शतरंज खेल कर किया। इस अवसर पर शासकीय दिग्विजय पीजी स्वशासी महाविद्यालय, राजनांदगांव के क्रीड़ा अधिकारी अरूण चौधरी पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित थे। वहीं, सेवानृवित्त क्रीडाअधिकारी पीके हरि चयनकर्ता के रूप में उपस्थित हुए। प्रतियोगिता के अंतिम मुकाबले में बालक वर्ग से दुर्ग सेक्टर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया। वहीं, रायपुर सेक्टर उपविजेता रहीं। बालिका वर्ग से रायपुर सेक्टर विजेता व राजनादगांव सेक्टर उपविजेता रही। समापन समारोह में महाविद्यालय के चेयरमैन राजन कुमार दुबे ने विजेताओं को ट्राफी देकर सम्मानित किया।





■ शैलदेवी महाविद्यालय में हुई 2 दिवसीय राज्यस्तरीय शतरंज प्रतियोगिता

### बीएसएफ जवानों ने किया 61 यूनिट रक्तदान

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार ब्लड सेंटर में रक्त की उपलब्धता बनाए रखने हेतु निरंतर शिविर के माध्यम से रक्तदान कराया जा रहा है। इसी क्रम में सीएमएचओ डॉ मनोज दानी के मार्गदर्शन में एफटीआर मुख्यालय बीएसएफ एसपीएल ओपीएस सीजी मुख्य कार्यालय रिसाली सेक्टर भिलाई में रक्तदान शिविर आयोजन किया गया। बीएसएफ से डॉ वनिता मूर्ति डीआईजी चिकित्सा एवं डॉ तारिख द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तदाता बीएसएफ जवानों द्वारा 61 यूनिट रक्तदान किया गया। उक्त शिविर में ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी डॉ प्रवीण अग्रवाल, डॉ पीयूष श्रीवास्तव, वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन रोशन सिंह, नर्सिंग ऑफिसर तरूणा रावत, काउंसलर टीएस एंथोनी, लैब इंचार्ज रूपेश सरपे, लैब टेक्नीशियन महेंद्र चंद्राकर, कुसुम चंद्राकर, निशु, कौशल साहू, अशोक मानिकपुरी, प्रशिक्षणार्थी सुनील, गोवर्धन, रिया, वीना, धनेश्वरी की भूमिका रही।

## पेज 9 के शेष...

### दुकान में चोरी, तीन...

अंजाम देने से पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं। इसके साथ ही रात में पेट्रोलिंग पार्टी आखिर किस क्षेत्र में गश्त करती है, इस पर भी सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि बैंक, बिजली विभाग, डाकघर तथा रेस्ट हाउस के बीच स्थित इस दुकान में लाखों की चोरी हो जाती है। जिले में गिने चुने थानों को छोड़ बालोद कोतवाली थाना, गुरुर, दल्लीराजहरा, डौंडी, अर्जुन्दा, गुण्डरदेही तथा डौंडीलोहारा जैसे थाना में बीते करीब एक माह में ही चोरी के दर्जनों मामला सामने आ चुके हैं, लेकिन इन मामलों में पुलिस को अब तक कोई खास सफलता हाथ नहीं लगी है। साइबर सेल की टीम भी इन मामलों को सुलझाने में सफल नहीं हो पाई है। केवल बालोद थाना क्षेत्र में ही अलग-अलग घटनाओं में 15 लाख रुपए से अधिक की चोरी हो चुकी है, जबकि अन्य थाना क्षेत्रों में भी लाखों की चोरी हुई है।

### अमोरा में कलामंच...

साहू ने बताया कि ग्राम अमोरा में 30 साल पहले विधायक निधि से कलामंच का निर्माण किया गया था, जो अब जर्जर हालत में पहुंच चुका है। यह कभी गिर सकता है, जिससे बड़ी दुर्घटना हो सकती है। लेकिन, इस संबंध में बार-बार शासन-प्रशासन तथा जनप्रतिनिधियों को जानकारी देने के बाद भी कोई ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने कलामंच और ग्राम पंचायत भवन के पुनर्निर्माण की मांग की है।

### घर-घर जाकर की...

समस्त 133 प्रगणकों एवं 16 सुपरवाईजरों को जिला स्तर पर प्रशिक्षण एवं सॉफ्टवेयर की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग प्रदान किया गया। पशु चिकित्सा विभाग के उपसंचालक डॉ. डी.के. सिहारे ने बताया कि पशु संगणना के तहत जिले में 695 ग्राम एवं 132 नगरीय वार्ड में प्रगणक घर–घर जाकर पशु संगणना का कार्य करेंगे। उन्होंने जिले के समस्त पशुपालकों से आग्रह किया गया है कि संगणना कार्य में आवश्यक सहयोग एवं जानकारी प्रदाय करने का की अपील की है। **प्रत्येक 5 वर्ष में की जाती है पशुधन संगणना-** उल्लेखनीय है कि पशुधन संगणना भारत सरकार द्वारा 2024 में प्रत्येक 5 वर्ष में देश के सभी राज्यों में किया जाता है। इसके अंतर्गत पशु संगणना पशुधन गणना प्रमुख रूप से पशुधन आबादी पर व्यापक जानकारी एकत्र करने के साथ–साथ विभिन्न पशुधन प्रजातियों की आबादी पर विस्तृत संकलन, उनकी नस्ल, आयु एवं लिंग की संरचना शामिल है। जिसके आधार पर योजना का निर्माण पशुधन क्षेत्र के विकास हेतु नीतियां, कार्यक्रम और पहलों की योजना बनाने हेतु आवश्यक जानकारी प्रदान करना है। साथ ही पशुधन क्षेत्रें में रुझान की पहचान, पशुपालन का तरीका, वातावरण के आधार पर पशुओ का विशिष्ट पहचान का आंकलन किया जाता है।

### मलपुरीकला में स्वच्छता ही सेवा अभियान, दिलाई स्वच्छता की शपथ

**दुर्ग।** मुख्य अतिथि श्रीमती सरस्वती रात्रे अध्यक्ष जनपद पंचायत एवं श्रीमती हेमा साहू सभापति जनपद पंचायत धमधा की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत मालपुरीकला जनपद पंचायत धमधा में स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान आयोजित कर किया गया। जिसमें ग्रामीणों द्वारा सम्मिलित होकर शपथ ली गई कि अब वे अपने गांव में न गंदगी करेंगे और न ही किसी को गंदगी करने देंगे। जिसमें अध्यक्ष द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छताग्राही को काम करने में होने वाली समस्याओं से अवगत कराया गया। साथ ही सभी ग्रामीणों से अपील की गई कि जब भी स्वच्छाग्रही दीदी आपके घर पर आते हैं तो उसे कचरा अलग-अलग छांट कर ही दें। इस अभियान में ग्रामीणों द्वारा स्वच्छता रैली निकाली गई।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बालोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### घनश्याम सिंह गुप्त कॉलेज में चला स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान

**बालोद।** नगर पालिका परिषद बालोद क्षेत्र अंतर्गत स्थित घनश्याम सिंह गुप्त पीजी कॉलेज में स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छता संस्कार, स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं एवं एनएसएस के कार्यक्रम प्रभारी जीएन खरे एवं प्रो. चंद्रोदय दास मानिकपुरी उपस्थित थे।

### एक देश, एक चुनाव का डॉ मोना ने किया स्वागत

**बालोद।** एक देश, एक चुनाव पर केंद्र की मोदी सरकार द्वारा मुहर लगाए जाने का भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री डॉ मोना टुवानी ने स्वागत किया है। बालोद महिला मोर्चा महामंत्री मोना टुवानी सहित भाजपा नेताओं ने अच्छी पहल बताया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय कैबिनेट ने देशहित में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया है। एक देश, एक चुनाव देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और सशक्त बनाएगा, चुनावी खर्च कम होगा और विकास कार्यों में तेजी लाएगी। डॉक्टर टुवानी ने कहा कि बहुत लंबे समय से एक देश एक चुनाव की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। लगातार देश के विभिन्न क्षेत्रों में चुनाव होने से काफी पैसे खर्च हो रहे थे। अब उन पैसों का उपयोग योजनाओं पर खर्च होंगे, जिससे उनके क्रियान्वयन में भी तेजी आएगी।



### भाठागांव आर स्कूल में दूर हुईवाणिज्य शिक्षक की कमी

**गुण्डरदेही।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव आर में वाणिज्य संकाय के शिक्षक के अभाव के कारण बच्चों की पढ़ाई में आ रही बाधा को देखते हुए शाला प्रबंधन समिति के नव नियुक्त अध्यक्ष केके साहू ने जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर तत्काल शिक्षक की नियुक्ति की मांग की। श्री साहू के आग्रह पर जिला शिक्षा अधिकारी ने डोंगीतराई में पदस्थ वाणिज्य संकाय की शिक्षिका सुनीता पांडे को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव आर में अध्यापन के लिए आदेश जारी किया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष केके साहू ने बताया कि अब वाणिज्य संकाय के बच्चों को पढ़ाई से वंचित नहीं होना पड़ेगा।

### एफएसएनएल स्वच्छता पर व्याख्यान

**भिलाई।** फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड, निगमन कार्यालय, भिलाई द्वारा 'मिनी ऑडिटोरियम मेंस्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा'' के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाप्रबधक पंकज त्यागी की अध्यक्षता एवं ब्रम्हकुमारी प्राची बहन के मुख्य आतिथ्य व डॉ. सुनीता वर्मा, विभागाध्यक्ष के विशेष आतिथ्य में हुआ।

### निधन

**ओमबती साहू**

**अंडा।** ग्राम गोढ़ी निवासी ओमबती साहू (83 वर्ष) का 22 सितंबर को निधन हो गया। वे खेमराज साहू, भेखज, कमल नारायण साहू की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम गोढ़ी मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।



**अभियान :** सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा ने नागरिकों के साथ मिलकर चलाया स्वच्छता अभियान

# स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए : सांसद भोजराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा ने स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम में सांसद भोजराज नाग शामिल हुए। इस दौरान परसुराम चौक से शीतला मंदिर तक सफाई की गई। इसके साथ ही अभियान को घर–घर पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस से चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रविवार को भाजपा शहर मंडल के द्वारा शहर के परसुराम चौक, चौपाटी, शीतला मंदिर प्रांगण की साफ–सफाई की गई। सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित स्वच्छता अभियान के मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग थे, अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू ने की। स्वच्छता अभियान के दौरान चौराहों और तालाब में फैली गंदगी की सफाई की गई। इसके बाद गंगा सागर गॉर्डन में पौधारोपण किया गया।



कार्यक्रम में सांसद भोजराज नाग ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह पहल देशभर में क्रांति का रूप ले चुकी है। हमें इसे हर घर तक पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए। पवन साहू ने कहा कि युवा पीढ़ी को इस जिम्मेदारी को गंभीरता से लेना होगा, क्योंकि स्वच्छता के माध्यम से ही हम एक समृद्ध और सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं।

इस दौरान पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णकांत पवार, कुलदीप कत्याल, मंडल अध्यक्ष सुरेश निर्मलकर, पार्षद कमलेश सोनी, रवि पांडेय ने भी अपना व्यक्तव्य प्रकट किया। कार्यक्रम में पार्षद सरोजनी डोमन साहू, दीपक देवांगन, नरेंद्र सोनवानी, प्राची लालवानी, लोकेश साहू, प्रीतम यादव, कमलेश गौतम, संतोष साहू, दिनेश तापड़िया, हितेश्वरी कौशिक, सुनीता बिल्ला मनहर, डोमन साहू, संजय सोनी, अम्बिका यादव, प्रतिमा यादव, विक्रम लालवानी, टिकेश्वर साहू, संतोष साहू उपस्थित थे।



## खपरी ब में ग्रामीणों के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने की साफ-सफाई



**गुण्डरदेही।** ग्राम खपरी ब में ग्रामीणों के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांव के सामुदायिक भवन, पानी टंकी की सफाई व अन्य सार्वजनिक जगहों पर स्वच्छता अभियान चलाया। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान के बाद ग्राम खपरी ब के ग्रामीणों ने सामुदायिक मंच की साफ सफाई के साथ शेड के नीचे स्थान की पानी से धुलाई की गई। इस कार्य में ग्रामीण कमल नारायण, खोमन, चुरामन, दुष्यंत कुमार, प्यारेलाल, दीन जगत, तुलाराम, राहुल, बबलू, छगन, शत्रुघ्न, दीनदयाल, चंद्रहास, चातुर, लक्ष्मी, लक्ष्मीनाथ, बाह्य तथा सूरज सहित अन्य ग्रामीणों का सहयोग प्राप्त हुआ।

## सफाई सुरक्षा शिविरों में योजनाओं का लाभ उठाने कलेक्टर ने की अपील

**बालोद।** जिले के सभी विकासखण्डों में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक "स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता" थीम सफाई सुरक्षा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सफाई मित्रों से शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि शिविर स्थल में सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण, श्रम पंजीयन एवं अन्य योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही सफाई मित्रों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन योजना, आधार कार्ड संबंधित योजनाओं का पात्रतानुसार लाभ भी प्रदान करने शिविर का आयोजन किया गया है। डॉ. कन्नौजे ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। इसके अंतर्गत गांव में गंदे एवं कचरे ढेर जमा स्थानों (ब्लैक स्पॉट) की सफाई तथा मेगा स्वच्छता अभियान का आयोजन करना है।

## कंवर चण्डी मंदिर परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने की साफ सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

भाजपा शहर मंडल गुरुर के नेतृत्व में सेवा पखवाड़ा के तहत ग्राम कंवर चण्डी मंदिर परिसर में साफ सफाई की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर से आरंभ सेवा पखवाड़ा के रूप में 17 सितंबर से भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीण भी सेवा कार्य में सक्रिय सहभागी बन रहे हैं। सेवा पखवाड़ा 2 अक्टूबर तक चलाया जाना है। इस कार्यक्रम में जिला भाजपा उपाध्यक्ष त्रिलोकी साहू, सेवा पखवाड़ा मंडल गुरुर के संयोजक यादराम साहू, युवा मोर्चा के अध्यक्ष मनीष साहू, जनपद सदस्य डीगेशवरी, केशव बंधु, टुकेश्वर पांडे, ईश्वर साहू, छगन साहू, राधावेंद्र सोनी, नरेश साहू, मोहनीश सिन्हा, ढाल सिंह साहू, सरोज साहू, जितेंद्र कोसरिया उपस्थित थे।








## शासकीय एकलव्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने ग्राम कामता में की सफाई

**डौंडीलोहारा।** गुरुवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडीलोहारा के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेडक्रॉस सोसायटी, व रेडरिबन के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पुरुषोत्तम भूआर्य के निर्देशन व वरिष्ठ स्वयंसेवक भरत यादव के नेतृत्व में गोदग्राम कामता में साफ-सफाई की गई। अभियान के तहत ग्राम के आंगनबाड़ी परिसर की साफ सफाई एवं नल के आसपास की साफ सफाई व तालाब के आसपास की साफ सफाई की गई।

## जामगांव आर में ग्रामीणों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने की साफ-सफाई



**जामगांव आर।** बाजार चौक कला मंच शिव मंदिर के समीप साफ-सफाई ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिलकर अभियान चलाया। इस अभियान में शासकीय महाविद्यालय के अध्यक्ष नरेश केला, बूथ अध्यक्ष मुकेश साहू, बूथ अध्यक्ष सीताराम साहू, मण्डल उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू, शुभू यादव, राजेश ठाकुर, केजू ठाकुर, संतु यादव, टेकश्वर साहू, बलराम ठाकुर, संजू ठाकुर, प्रेमलाल निर्मलकर, पंच राम, टकेश विश्वकर्मा, संतराम ठाकुर, गणेशवर, लेमन उपस्थित थे। शासकीय कालेज अध्यक्ष नरेश केला ने कहा कि स्वच्छता अच्छे स्वास्थ का उपहार देती है, स्वस्थ रहना सब चाहते है तो स्वच्छता में भी सजगता पूर्वक सहयोग सभी करें। ध्यान रखे जैसा बीज बोएंगे बीज वैसा ही फल मिलना तय है।

## नवोदय में पहली बार हुआ बिरेतरा स्कूल के छात्र का चयन, शिक्षकों ने रुद्र को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय प्राथमिक शाला बिरेतरा के विद्यार्थी रुद्र कुमार साहू पिता थानेश्वर कुमार साहू माता राजकुमारी साहू ने शिक्षा के क्षेत्र में बिरेतरा के 40 साल के इतिहास में पहली बार नवोदय स्कूल चयन परीक्षा में अपना सफलता हासिल की है। शाला प्रबंधन समिति और स्कूल के शिक्षकों ने विदाई और सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया। जहां रुद्र के माता–पिता ने अपने बच्चे के चयन होने की खुशी में स्कूल परिसर में नेवता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर जीएस ठाकुर, पवन कुमार यादव, मंजूलता साहू, ममता चौधरी, ललेशवरी साहू, दुर्गेश्वरी, शैलेंद्र साहू, टेमन लाल साहू, प्रेषक कुमार साहू, टोमन लाल भुआर्य, लक्ष्मी कलिहारी, नरेंद्र कुमार साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।





## तहसील साहू संघ ने अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता कामता को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

तहसील साहू संघ गुण्डरदेही अध्यक्ष व पदाधिकारियों ने नेपाल के पोखरा में स्वर्णपदक जीतने वाले मास्टर एथलेटिक्स कामता साहू को उनके निवास ग्राम कसौंदा पहुंचकर बधाई दी।

कसौंदा के विश्व विख्यात खिलाड़ी कामता प्रसाद साहू ने नेपाल देश के पोखरा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 5 हजार मीटर, 10 हजार मीटर व 15 सौ मीटर की दौड़ में तीन स्वर्ण पदक जीतकर अपने गांव, जिला, राज्य और भारत देश का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर अध्यक्ष तहसील साहू संघ गुण्डरदेही डा. मानसिंग सार्वा, राजेंद्र साहू, किशन लाल साहू, जेआर साहू, कल्याण सिंह साहू, भीखाराम साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष चूरामन साहू, वीरेंद्र कुमार साहू उपस्थित थे।



## अयोध्या जाकर श्री राम लला के दर्शन करना सौभाग्य व गर्व का विषय : साहू

**जामगांव आर।** अयोध्या में भगवान रामलला का दर्शन करने गए 850 श्रद्धालुओं का जत्था शुक्रवार को वापस पहुंचा। जामगांव आर(दक्षिण पाटन) मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू के नेतृत्व में मंडल पूर्व महामंत्री प्रमोद जैन, पिछड़ा वर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष एवं मंडल उपाध्यक्ष रूपसिंह सिन्हा सहित अंचल के श्रद्धालुओं के साथ ही बस्तर संभाग सहित 850 भक्त अयोध्या में भगवान श्री रामलला के दर्शन कर अपने-अपने घर पहुंचे।

मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि भगवान राम का दर्शन अध्योध्या जाकर करना हम भक्तों के लिए गर्व का विषय है। इसके लिए उन्होंने प्रदेश सरकार का आभार जताया है। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि भगवान राम की



अयोध्या नगरी पहुंचते ही नई तकनीक सुविधाओं से सुसज्जित नजारा देख समवेत स्वर में एक ही आवाज गूंजने लगती है मोदी है तो मुमकिन है। वहीं मंडल के पूर्व महामंत्री प्रमोद जैन, मंडल उपाध्यक्ष टेसराम साहू ने बताया कि अध्योध्या में मंदिर निर्माण ने तो अयोध्या के स्वरूप को नई तकनिकों से सराबोर कर दिया है। भगवान राम की मनमोहक मूर्ति के साथ-साथ भगवान राम की जन्म भूमि अयोध्या भक्तों को भरपूर आकर्षित कर रही है। राजेश बंछोर व रूपसिंह सिन्हा सहित भक्तों ने कहा कि अयोध्या पहुंचकर भगवान राम के दर्शन करना जीवन का स्वर्णिम क्षण रहा।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी–खांसी, स्वांस–दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

